का जिम्मेवार सौंपा गया है। उन्होंने अखाड़ा इन्द्र सिंह ने किया। सम्मानित भी किया। इससे

एमबीए के विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट करवाई

जालंधर | एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस जालंधर में कॉर्पोरेट लिंकेशन सेल ने विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल नॉलेज को अच्छा करने के लिए इंडस्ट्रियल विजिट करवाई। इसमें एमबीए-2 और एमबीए-4 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने नई तकनीकों और नए प्रोडक्शन मेथड के बारे में जानकारी प्राप्त की और अलग-अलग कंपनियों के इंजीनियर से बातचीत की और उनसे सवाल पूछे। डॉ. रजनीश आर्य, डॉ. सोनिका गर्ग, गुप्रीत सिंह भी विद्यार्थियों के साथ इस इंडस्ट्रियल विजिट का हिस्सा रहे। डॉ. राजेश बग्गा डायरेक्टर एआईएमईटीसी ने बताया कि इस तरह की विजिट विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल नॉलेज को बढ़ाने के लिए लाभदायक है। विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल टीचिंग भी बहुत जरूरी है।

एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस के विद्यार्थी।

Dainik Bhaskar 03 March 2023

12:42 pm ✓✓